हंगामा | प्राचार्य की प्रताड़ना से क्षुब्ध छात्रों का फूटा गुस्सा, कालपी के महर्षि सांदीपनी विद्यालय के छात्रों का हंगामा

# नेशनल हाईवे 30 पर किया चक्काजाम



**नवभारत, नारायणगंज।** महर्षि सांदीपनी विद्यालय कालपी के छात्रों का आक्रोश शुक्रवार को सड़क पर फूट पड़ा। प्राचार्य की मनमानी और प्रताडना से नाराज दर्जनों छात्रों ने नेशनल हाईवे 30 पर चक्काजाम कर दिया, जिससे हाईवे पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। छात्रों का सीधा आरोप है कि विद्यालय की प्राचार्य संगीता श्रीवास्तव द्वारा उन्हें लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

आक्रोशित छात्रों ने बताया कि विद्यालय में किसी अन्य की गलती की सजा भी अक्सर उन्हें ही भुगतनी पड़ती है। छात्रों का आरोप है कि उन्हें दिन भर पढ़ाई से वंचित कर घुटना टेकने को मजबूर किया जाता है। शुक्रवार को भी प्राचार्य संगीता श्रीवास्तव ने कथित तौर पर उन पर बेबुनियाद इल्जाम लगाते हुए डंडे से मारपीट की और करीब 2 घंटे तक घुटने टिकवाए। इसके बाद भी जब प्राचार्य का गुस्सा शांत नहीं हुआ, तो करीब 30-40 बच्चों को स्कूल से भगा दिया गया और टीसी काटकर घर भेजने की धमकी दी गई। इसी तानाशाही से त्रस्त होकर छात्रों ने हाईवे जाम करने का कड़ा कदम उठाया। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि प्राचार्य को जल्द से जल्द नहीं हटाया गया, तो वे एक बड़ा उग्र आंदोलन करेंगे।

**इनकी रही मौजूदगी-** प्रदर्शन कर रहे बच्चों को समझाइश देने और स्थिति को नियंत्रण में करने के दौरान प्रशासनिक और राजनीतिक जनप्रतिनिधि मौके पर मौजूद रहे। जिसमें नायब तहसीलदार आलोक सोनी, थाना बीजाडांडी का पुलिस स्टाफ, भाजपा मंडल अध्यक्ष डूमारी लाल कुम्हरे, मंडल महामंत्री अजीत श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी राहुल सिसोदिया और पूर्व जिला मंत्री संदीप नामदेव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### सांसद के फोन और आश्वासन पर शांत हुए विद्यार्थी

हाईवे पर जाम लगने की सूचना स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने तत्काल क्षेत्रीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद कुलस्ते ने फोन के माध्यम से प्रदर्शनकारी छात्रों से बात की। उन्होंने छात्रों को समझाइश देते हुए उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण करने और प्राचार्य को जल्द हटाने का ठोस आश्वासन दिया। मंडला सांसद के इस आश्वासन के बाद आक्रोशित छात्र मान गए और उन्होंने जाम समाप्त कर दिया।

▶ कहीं अनुमति का अड़ंगा, तो कहीं वन भूमि पर धड़ल्ले से चल रहीं मशीनें

# मवई-कुडेला मार्ग निर्माण में दोहरा मापदंड





**बिछिया/मवई।** जिले के अंतिम छोर में बसे वनांचल विकासखंड मवई की लगभग 34 किलोमीटर लंबी मवई-कुडेला मार्ग परियोजना गंभीर विवादों में घिर गई है। आरोप है कि इस परियोजना में दोहरे मापदंड अपनाए जा रहे हैं। एक ओर वन भूमि पर वैधानिक अनुमति न होने का हवाला देकर काम रोक दिया गया है, वहीं दूसरी ओर मवई वन परिक्षेत्र के कई वन क्षेत्रों में बेखौफ होकर सड़क खुदाई, चौड़ीकरण, सीसी रोड और पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है।

बताया गया कि इस मामले में ग्राम पंचायत मवई के सदस्य और पूर्व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी कांत पाठक ने कलेक्टर, डीएफओ पूर्व सामान्य और लोक निर्माण विभाग को विस्तृत शिकायत पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि वन ग्राम सैदा और मझगांव बीट में बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के पूर्व निर्मित सड़क को मशीनों से उखाड़कर पक्की सड़क और नई पुलिया का निर्माण शुरू कर दिया गया। बरसात में काम अधूरा रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। वहीं मझगांव स्थित पुलिया से बाहरमुंडा चौराहे तक लगभग 800 मीटर का क्षेत्र पूर्णत: वन भूमि है। इसके बावजूद मुनारे के नजदीक ठेकेदार द्वारा सीसी सड़क बना दी गई। इसके साथ ही वन सीमा से महज 150 मीटर से भी कम दूरी पर ठेकेदार ने कांक्रीट मिक्सर प्लांट लगा दिया, जबकि नियमानुसार वन सीमा के 250 मीटर के भीतर पक्के निर्माण के लिए अनुमति आवश्यक है।

### वन अमले की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

शिकायत में सवाल उठाया गया है कि मवई-पखवार मार्ग पर भी एक किलोमीटर वन क्षेत्र में मशीनों से खुदाई कर काम शुरू कर दिया गया। यदि परियोजना के कई हिस्सों में अनुमति न होने से काम बंद है, तो इन बीटों में किस अनुमति से काम चल रहा है, मुख्य मार्ग पर एक वर्ष से चल रहे इन निर्माण कार्यों की जानकारी वन परिक्षेत्र अधिकारी और अमले को न होना असंभव है। मवई वृत्त और सैदा दोनों क्षेत्रों का प्रभार एक ही सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी के पास होना उनकी भूमिका को संदिग्ध बनाता है।

### आम आदमी पर सख्ती ठेकेदार पर मेहरबानी

शिकायतकर्ता लक्ष्मी कांत पाठक का कहना है कि वन विभाग आम नागरिक द्वारा किए गए छोटे से अतिक्रमण पर तुरंत कार्रवाई करता है, लेकिन बड़े पैमाने पर हो रहे इस अवैध निर्माण पर विभाग मौन है। उन्होंने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर स्वीकृतियों को सार्वजनिक करने और दोषी अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर में

### पूजन कक्ष में बैठा था पांच फीट लंबा कोबरा

**जबलपुर।** अधारताल थानांतर्गत सुहागी निवासी सुनील परस्ते के घर में सायंकाल साढ़े सात बजे जब उनकी दादी घर में बने पूजन कक्ष में दीपक जलाने गई तो देखा कि एक पांच फीट लंबा कोबरा नाग फन फैलाए फुफकार रहा था। सांप को बैठा देखकर वहां हड़कंप मच गया। परिजनों ने सांप को भगाने का प्रयास किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। अंतत: सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। यद्यपि किसी ने छेड़छाड़ नहीं की इसलिए कोई अनहोनी नहीं हो सकी।

### खाते से 35,000 पार

**नवभारत, जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत त्रिमूर्तिनगर निवासी रोहणी प्रसाद शर्मा (42) के यूनियन बैंक खाते से 35,000 की ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई। पीड़ित के मोबाइल पर पैसे कटने का मैसेज आने पर उन्होंने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की। बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर पता चला कि मोहम्मद मोइनुद्दीन नामक व्यक्ति ने धोखाधड़ी से यह रकम निकाली है। गोहलपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ई-रिक्शा से पार्ट्स चोरी, मामला दर्ज

**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत साईं बिहार कॉलोनी सुहागी में अस्पताल गए परिवार के सूने घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा से पार्ट्स चोरी हो गए। पुलिस के अनुसार पूनम श्रीवास्तव पति का इलाज कराने मेडिकल कॉलेज में थीं। लौटने पर घर के सामने खड़े उनके ई-रिक्शा से एक बैटरी, एक कंट्रोलर और एक स्टेफनी टायर गायब मिले। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर मामला दर्ज किया है।

### बिजली कंपनियों में चपरासी-भृत्यों की पदोन्नति की मांग तेज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने राज्य शासन की तर्ज पर बिजली कंपनियों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के चपरासी और भृत्य कार्मिकों को कार्यालय सहायक श्रेणी-3 के पद पर पदोन्नति देने की मांग उठाई है। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी.पी. पाठक ने ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई, ऊर्जा सचिव, सीएमडी पावर मैनेजमेंट कंपनी और सभी प्रबंध निदेशकों को पत्र भेजकर अनुरोध किया है कि बिजली कंपनियों के कर्मचारियों के हित में लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं। ऐसे में राज्य शासन के अनुरूप चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को भी कार्यालय सहायक श्रेणी-3 के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाए।

# बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 5 नाबालिग सहित 6 गिरफ्तार



**भुआबिछिया/अंजनिया।** जिले के थाना बम्हनी के अंतर्गत चौकी अंजनिया पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरों के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में 5 नाबालिगों और एक बालिग आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 4 मोटरसाइकिलें जब्त की हैं।

जानकारी अनुसार यह गिरोह मोटरसाइकिल चोरी करने के बाद उनकी नंबर प्लेट निकाल देता था। पहचान छिपाने के लिए आरोपी गाडियों पर काले और सिल्वर रंग का स्प्रे पेंट कर देते थे। बताया गया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक लड़के ने काले रंग से पुती हुई एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल सुधरने के लिए दी है। पुलिस ने जब गाड़ी के इंजन और चेचिस नंबर का मिलान किया, तो वह हर्राहीटोला निवासी कमलेश पटेल की चोरी गई स्प्लेंडर एमपी 51 एमए 9766 निकली। इसके बाद पुलिस ने उस नाबालिग से पूछताछ की, जिसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अलग-अलग स्थानों से गाडियां चोरी करना कबूल किया।

**सभी आरोपी गिरफ्तार :** पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में नीरज उर्फ सचिन पटैल 18 वर्ष, निवासी नरैनी और 5 विधि विरुद्ध बालक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

▶ कलेक्टर ने सुरक्षा और सुविधाओं के विस्तार के दिए निर्देश

# पर्यटन हब के रूप में विकसित होगा घुघरा वॉटरफॉल



**नारायणगंज।** जिले के प्रसिद्ध प्राकृतिक पर्यटन स्थल घुघरा वॉटरफॉल को जल्द ही एक प्रमुख पर्यटन हब के रूप में नई पहचान मिल सकती है। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने निवास क्षेत्र स्थित इस वॉटरफॉल का भ्रमण कर वहां की वर्तमान व्यवस्थाओं और संभावित पर्यटन विकास की संभावनाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को पर्यटकों की सुरक्षा एवं सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए जल्द आवश्यक कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि घुघरा वॉटरफॉल जिले का एक प्रमुख प्राकृतिक आकर्षण है, जिसे पर्यटन हब के रूप में विकसित किए जाने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटन विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर चरणबद्ध तरीके से काम किया जाए। वॉटरफॉल क्षेत्र को एक आकर्षक ट्रैकिंग पॉइंट के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर भी कार्य किया जाए। पर्यटकों के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएं।

**सुरक्षा व्यवस्थाओं पर दिया विशेष जोर-** पर्यटकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए है कि दुर्घटनाओं से बचाव के लिए संवेदनशील स्थानों पर मजबूत रैलिंग लगाई जाए। खतरनाक जगहों पर चेतावनी एवं मार्गदर्शक सूचना बोर्ड स्थापित किए जाएं। वर्षाकाल के दौरान जलस्तर बढ़ने और फिसलन की आशंका को देखते हुए विशेष सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं।

**स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा -** कलेक्टर ने विश्वास जताया कि बेहतर सुविधाएं विकसित होने से घुघरा वॉटरफॉल में पर्यटकों की संख्या में भारी इजाफा होगा। इससे न केवल स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी तेज गति मिलेगी।

# विद्यार्थियों ने रोपे पौधे, लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

▶ शासकीय हाई स्कूल केहरपुर में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न



**नैनपुर।** पर्यावरण संरक्षण और एक हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से ग्राम पंचायत केहरपुर स्थित शासकीय एकीकृत हाई स्कूल परिसर में एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम और हर घर हरियाली का सार्थक संदेश गूंजता रहा।

ग्राम पंचायत के सरपंच सतवंत सिंह उलारी, प्रभारी प्राचार्य धनीराम मरावी, समाजसेवी राजेश भाँवरे और विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच श्री उलारी और प्राचार्य श्री मरावी ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को शुद्ध नहीं करते, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ जीवन का मुख्य आधार भी हैं। उन्होंने सभी से हर साल अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके बड़े होने तक उनकी देखभाल करने की अपील की। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने अपने गांव के सार्वजनिक स्थलों और आसपास के क्षेत्रों को हरा-भरा बनाने तथा आम लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का दृढ़ संकल्प लिया।

### स्वतंत्रता दिवस पर चलेगा विशेष अभियान

ग्राम पंचायत के सरपंच और समस्त पंचगणों ने बताया कि आगामी 15 अगस्त के अवसर पर गांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर एक विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य गांव को पूरी तरह से हरित, स्वच्छ और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना है। यह आयोजन ग्रामीणों और विद्यार्थियों में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक बेहद सफल और प्रेरणादायी प्रयास साबित हुआ।

# खटोला गांव में ग्रामीण के घर घुसा तेंदुआ

▶ घायल तेंदुए को ट्रेंकुलाइज कर भेजा गया अस्पताल



**भुआबिछिया।** कान्हा टाइगर रिजर्व के बफर जोन अंतर्गत आने वाले सिझोरा परिक्षेत्र के ग्राम खटोला में उस समय हड़कंप मच गया, जब सुबह-सुबह एक तेंदुआ एक ग्रामीण के घर में जा घुसा। वन विभाग की टीम ने त्वरित और सुरक्षित कार्रवाई करते हुए तेंदुए का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया है।

सूचना मिलते ही परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे के नेतृत्व में वन अमला मौके पर पहुंचा। हालात का जायजा लेने के बाद क्षेत्र संचालक रविन्द्र मणि त्रिपाठी, उपसंचालक (बफर) अमिता के.बी. और सहायक संचालक आशीष कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संदीप अग्रवाल ने तेंदुए को सुरक्षित रूप से ट्रेंकुलाइज (निश्चेत) किया। परीक्षण के दौरान तेंदुए के शरीर पर चोट के निशान पाए गए, जिसका मौके पर ही प्राथमिक उपचार कर उसे विस्तृत इलाज के लिए मुक्की वन्यजीव चिकित्सालय भेज दिया गया है। इस रेस्क्यू अभियान के दौरान मौके पर जुटी भारी भीड़ को सुरक्षित तरीके से नियंत्रित करने में पुलिस विभाग ने सराहनीय भूमिका निभाई। कान्हा टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि किसी भी वन्यजीव के आबादी क्षेत्र में आने पर उसे घेरने या खुद भगाने का प्रयास न करें।

# पीएम की फोटो पर किया आपत्तिजनक पोस्ट



**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फोटो पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में हिंदू धर्म सेना जबलपुर महानगर ने मोर्चा खोल दिया। बुधवार को आधारताल थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए सतना निवासी जितेन्द्र चौधरी के खिलाफ देशद्रोह की कार्रवाई की मांग की है। हिंदू धर्म सेना के प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजपूत ने बताया कि जितेन्द्र चौधरी ने सोशल मीडिया फेसबुक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फोटो डालकर उस पर आपत्तिजनक पोस्ट की। इस तरह की पोस्ट देशद्रोह की श्रेणी में आती है।

उक्त पोस्ट संगठन के कार्यकर्ता मुकेश के संज्ञान में आने के बाद इसकी जानकारी दी गई। हिंदू धर्म सेना प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजपूत, भाजपा पार्षद महेश राजपूत, विमल राय, मुकेश रजक अविनाश सुखदान, दिनेश छापेल, भरत पासी, आदि ने मांग की है कि उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर देशद्रोह का मामला दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है ।

# इस्कॉन परिवार ने नैनपुर में तीसरी बार आयोजित की रथ यात्रा

▶ रिमझिम फुहारों के बीच श्रद्धा, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम



**नैनपुर।** रिमझिम फुहारों और भक्तिमय वातावरण के बीच नैनपुर नगर में भगवान जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी की भव्य रथ यात्रा पूरे उल्लास के साथ निकाली गई। इस पावन अवसर पर देव विग्रह सुसज्जित रथ में विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले, जहां श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पूजन-अर्चन कर प्रसाद अर्पित किया।

यह यात्रा नगर के समीप स्थित ग्राम निवारी से आरम्भ होकर सरस्वती विद्यालय परिसर में भोग-भंडारा के साथ सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक रथ को खींचते हुए भक्ति गीतों पर झूमते-नाचते यात्रा को आगे बढ़ाया।

रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों—मंडला-सिवनी मार्ग, चकोर तट, बस स्टैंड, बांसुरी वादन चौक, जय माता दी चौक एवं राधाकृष्ण मंदिर होते हुए सरस्वती विद्यालय प्रांगण पहुंची, जहां समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस्कॉन परिवार द्वारा आयोजित यह रथ यात्रा नैनपुर में लगातार तीसरे वर्ष संपन्न हुई है। बताया गया कि इस्कॉन उज्जैन के मार्गदर्शन में प्रदेश के 34 नगरों में यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नैनपुर एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा।

यात्रा के दौरान मृदंग, झांझ और मंजीरों की धुन पर सुसज्जित कीर्तन मंडली एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को पूर्णत: भक्तिमय बना दिया। मंडला, जबलपुर, बालाघाट और सिवनी से आए श्रद्धालुओं की सहभागिता ने आयोजन को और भी भव्यता प्रदान की। यह रथ यात्रा नैनपुरवासियों के लिए एक अविस्मरणीय और आध्यात्मिक अनुभव बन गई। इस अवसर ओर नैनपुर नगर पालिका परिषद के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

अभियान | कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ

# स्वैच्छिकता पर्व के तहत नशा मुक्ति अभियान 2 .0 की कार्यशाला आयोजित




**नारायणगंज।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद पंचायत नारायणगंज के सभाकक्ष में नशा मुक्ति जनजागृति एवं स्वैच्छिकता पर्व विषय पर विकासखंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। मंच संचालन राकेश ने किया, जबकि अतिथियों का तिलक वंदन कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील वर्मन के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में विकासखंड नारायणगंज के सौजन्य से किया गया। कार्यशाला में जनपद पंचायत अध्यक्ष आसाराम भारतीय एवं उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने नशे को व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए अभिशाप बताते हुए युवाओं से इससे दूर रहने का आह्वान किया। ग्रामीण क्षेत्रों में शराबबंदी लागू करने के लिए ग्राम सभाओं के माध्यम से प्रस्ताव पारित कर ग्राम पंचायत स्तर पर प्रयास करने तथा नशाखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्ति एवं जनजागरण की शपथ भी दिलाई गई। स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी दी गई और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर पंचायत इंस्पेक्टर श्री पटेल, आजीविका परियोजना प्रमुख श्रुति सागर, जन अभियान परिषद से जुड़े सेक्टर स्तरीय नवांकुर संस्थाओं, ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि एवं पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं तथा परामर्शदाता वीरेंद्र अग्रवाल, सुमित हथाले, देवलता एवं सुरेश कुमार सोनी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# हायर सेकेंडरी स्कूल में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित



**नैनपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के वित्तीय साक्षरता केंद्र मंडला द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल खुर्सीपार में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में वित्तीय साक्षरता केंद्र, मंडला के अधिकारी श्री कृष्णकांत अवस्थी ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, उच्च शिक्षा ऋण सहित बैंकों की विभिन्न जमा एवं ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बचत की आदत विकसित करने और बैंकिंग सेवाओं का सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान श्री अवस्थी ने साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर भी जागरूक करते हुए विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, उनसे बचाव के उपाय तथा किसी भी साइबर ठगी की घटना होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने की सलाह दी। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में रुचिपूर्वक सहभागिता करते हुए वित्तीय प्रबंधन एवं सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री शिवशंकर पांडे, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा महाराजपुर की शाखा प्रबंधक श्रीमती ऋतु राय तथा आरसेटी के फैकल्टी राजीव शर्मा उपस्थित रहे।